1

# प्राचार्य का कार्यालय
# अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया जी

## निविदा सूचना

ज्ञापांक– 1819 दिनांक– 28.7.2025

वितीय वर्ष 2025–2026 हेतु अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज, गया जी के विभिन्न विभागों के लिये स्टेशनरी सामग्री के कय हेतु निबंधित फर्म/निर्माता/आपूर्तिकर्त्ता/प्राधिकृत बिकेता से मोहरबन्द लिफाफे में सील्ड निविदा राष्ट्रीय समाचार में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर केवल निबंधित/स्पीडपोस्ट के माध्यम से कार्यावधि 10:00 पूर्वाह्न से संध्या 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दो तरह की होगी। (क)तकनीकी निविदा (ख) वितीय निविदा । दोनों निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़ें लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिए निविदा दिया जा रहा है, अंकित कर प्राचार्य, अनुगह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया जी को भेजना होगा। निविदा टंकित/कम्प्युटराईज होना चाहिए। काट–कूट एवं हस्तलिखित वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा कय समिति के द्वारा खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिये अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। बैठक में भाग नहीं लेने वाले निविदादाता के किसी भी प्रकार की कोई शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा। कय की जाने वाले स्टेशनरी सामग्री इत्यादि की सूची एवं नियम शर्त की प्रति निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया जी में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रुपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया जी के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है जिसे लौटाया नहीं जायेगा। निविदा शुल्क जमा करने वाले का ही निविदा कय समिति के समक्ष रखा जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए www.anmmc.ac.in पर देखें अथवा कार्यालय से कार्य अवधि में सम्पर्क करें।

28.7.25

प्राचार्य
अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया जी।

28/7/2025

## प्राचार्य का कार्यालय
## अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज गया जी

### निविदा सूचना

वितीय वर्ष 2025–2026 हेतु अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया जी के विभागों के लिये स्टेशनरी सामग्री के कय हेतु निबंधित फर्म/निर्माता/आपूर्तिकर्त्ता/प्राधिकृत बिकेता से मोहरबन्द लिफाफे में सील्ड निविदा राष्ट्रीय समाचार में प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के अन्दर केवल निबंधित/स्पीडपोस्ट के माध्यम से कार्यावधि 10:00 पूर्वाह्न से संध्या 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विलम्ब से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा दो तरह की होगी। (क)तकनीकी निविदा (ख) वितीय निविदा । दोनों निविदा अलग–अलग लिफाफे में सील्ड कर पुनः उसे बड़ें लिफाफे में सील्ड कर उस पर किस मद के लिए निविदा दिया जा रहा है, अंकित कर प्राचार्य, अनुगह नारायण मगध मेडिकल कालेज,गया जी को भेजना होगा। निविदा टंकित/कम्प्युटराईज होना चाहिए। काट–कूट एवं हस्तलिखित वाले निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि को अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस तक निविदा प्राप्त किया जायगा। निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के अगले दिन निविदा कय समिति के द्वारा खोली जायेगी। उक्त तिथि को अवकाश की स्थिति में अगली कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता स्वयं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। इसके लिये अलग से सूचना नहीं दी जायेगी। बैठक में भाग नहीं लेने वाले निविदादाता के किसी भी प्रकार की कोई शिकायत पर विचार नहीं किया जायेगा। कय की जाने वाले स्टेशनरी सामग्री इत्यादि की सूची एवं नियम शर्त की प्रति निविदा प्रकाशन के पश्चात प्राचार्य कार्यालय, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया जी में कार्यालय अवधि में 1000(एक हजार रुपये)मात्र का बैंक ड्राफ्ट मूल में प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया जी के पदनाम से प्लेज्ड हो जमा करने पर प्राप्त किया जा सकता है जिसे लौटाया नहीं जायेगा। निविदा शुल्क जमा करने वाले का ही निविदा कय समिति के समक्ष रखा जायेगा। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए www.anmmc.ac.in पर देखें अथवा कार्यालय से कार्य अवधि में सम्पर्क करें।

निविदा शर्त

(क). तकनीकी निविदा के साथ निविदादाताओं को निम्नलिखित कागजात संलग्न करना होगा।

1. फर्म/कम्पनी प्रोपराईटर/पार्टनर का नाम, पूरा पता, फोन नम्बर, ईमेल आई0 डी0 एवं आधार कार्ड।
2. दुकान/प्रतिष्ठान का लाईसेंस की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
3. फर्म को जी0एस0टी0 के निबंधन प्रमाण पत्र की स्पष्ट छायाप्रति।
4. पैन कार्ड की छाया प्रति एवं विगत तीन वर्षों का आयकर रिर्टन की छायाप्रति।
5. निविदादाता को इस आश्य का घोषणा पत्र मुल में संलग्न करना होगा कि वितीय निविदां में अंकित दर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के अर्न्तगत है एवं अधिक नहीं है।
6. अग्रधन के रूप में 50000.00 (पचास हजार)रू0 मात्र का सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट प्राचार्य अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज, गया के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना होगा। अग्रधन की राशि दर अनुमोदित होने पर एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात लौटा दिया जायेगा।
7. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नही रहने का प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा शपथ पत्र मूल में संलग्न करना होगा।
8. निविदादाताओं का चरित्र प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना होगा एवं तकनिकी निविदा खोलने के समय मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. निविदादाता का विगत तीन वर्षो का टर्न ओभर की विवरणी।
10. स्टेशनरी सामग्रीयों का दर बाजार दर से कम अंकित करना होगा। आपूर्तिकर्ता इस शर्त के आलोक में ही निविदा में दर अंकित करेगें। साथ ही इस आशय का घोषणा पत्र मूल मे निविदा के साथ संलग्न करेगें कि निविदा में अंकित स्टेशनरी सामग्रीयों का दर बाजार दर से कम अंकित किया गया है यदि भविष्य में दर शर्त के अनुसार नहीं पाया जाता है जो उसकी वसूली आपूर्तिकर्ता से किसी भी समय की जाएगी।

Mo/

11. सभी संलग्न कागजातों को स्वअभिप्रमाणित करना अनिवार्य होगा। संलग्न कागजात स्वअभिप्रमाणित नहीं पाये जाने के फलस्वरुप तकनिकी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

12. स्टेशनरी सामग्री इत्यादि का मेक, गुणवता(आइ.एस.आइ./आई.एस.ओ.) स्पेशिफिकेशन, दर से संबंधित विवरणी दिये गये सूचि के अनुसार स्पष्ट रुप से अंकित करना होगा।

13. एक वर्ष का किसी सरकारी कार्यालय में स्टेशनरी सामग्रीयों के आपूर्ति करने का आपूर्ति आदेश की प्रति संलग्न करना होगा।

14. तकनिकी निविदा में स्टेशनरी सामग्रीयों का मेक, गुणवता एवं वारंटी, गारंटी स्पष्ट रुप से अंकित करना होगा। मेक, गुणवता एवं वारंटी, गरांटी स्पष्ट रुप से अंकित नहीं पाये जाने पर तकनिकी निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**(ख) वितीय निविदा –**

1. वितीय निविदा में सामानों का दर टैक्स रहित होना चाहिए एवं उस पर निर्धारित सभी प्रकार का देय टैक्स जोड़कर अलग से टंकित होना चाहिए ।

2 वितीय निविदा में सभी सामानों का दर अंकित करना अनिवार्य होगा।

3 वितीय निविदा में स्टेशनरी सामग्रीयों का दर के साथ सामानों का मेक, गुणवता एवं वारंटी, गारंटी स्पष्ट रुप से अंकित करना होगा एवं अंकित दर का कैटलॉग/दर संबंधित कागजात संलग्न करना होगा। अंकित दर का कैटलॉग/दर संबंधित कागजात संलग्न नहीं रहने पर वितीय निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**अन्य शर्ते**

1. स्टेशनरी सामग्री इत्यादि को केंद्रीय भंडार में पहुँचाने की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी।

2. तकनिकी एवं वितीय निविदा में सामानों के नाम के सामने सामानों का मेक स्पष्ट अंकित होना चाहिए।

3. जिस फर्म का तकनीकी निविदा विहित शर्तो के अधीन पायी जायेगी, उन्हीं के वितीय निविदा क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।

4. निविदा दर अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रकाशित सूची के क्रमानुसार होनी चाहिए। भविष्य में मूल्य के विरोधाभाष के लिए निर्माता/आपूर्तिकर्ता स्वयं जिम्मेवार होगें।

5. क्रय समिति का निर्णय अंतिम होगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये किसी/सभी निविदा को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

6. आपूर्ति किये गये सामानों का जॉच के क्रम में खराब/त्रुटीपूर्ण पाये जाने पर सामानों को वापस ले जाने की जिम्मेवारी अपने खर्च पर संबंधित आपूर्तिकर्ता की होगी।

7.आपूर्ति किये गये सामानों की गारंटी/वारंटी आपूर्ति की तिथि से मान्य होगा।

8. किसी तरह के विवाद का निपटरा गया व्यवहार न्यायालय, गया में होगा।

9. आवश्यकता एवं राशि की उपलब्धता के आधार पर स्टेशनरी सामग्री इत्यादि का क्रय किया जायेगा।

10. अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा।

11. निविदा के सभी पृष्ठ को पृष्ठांकित करते हुए विस्तृत उल्लेख अग्रसारण पत्र पर आवश्यक रूप से अंकित करना होगा।

28.7.25

प्राचार्य

अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कालेज, गया जी

28/7/2025